


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 105 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 25 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## वाराणसी कोर्ट का ज्ञानवापी केस पर फैसला, पक्षकारों को दी जाएगी एएसआई की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी केस में एएसआई रिपोर्ट पर फैसला सुनाया है। सभी पक्षकारों को एसआई की रिपोर्ट दी जाएगी। बुधवार को जिला जज ने एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मंदिर पक्ष की मांग थी कि रिपोर्ट को सार्वजनिक कर देना चाहिए। वहीं अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद का यह कहना था कि इसको सार्वजनिक न किया जाए।

मस्जिद पक्ष की ओर से अधिवक्ता अखलाक अहमद ने सुनवाई के दौरान अदालत में कहा था कि कोर्ट पक्षकारों को आदेशित करे कि वह रिपोर्ट मिलने पर इसको मीडिया को न दें। इसको सोशल मीडिया पर भी डालने से बचें। पक्षकारों से इस बारे में घोषणा पत्र भी लिया जाए। ... शेष पेज 4 पर

# रामचरित मानस की डिमांड बढ़ी

### दुकानों पर ग्राहक मांग रहे राम स्तुति की किताबें, बालाजी के मंदिरों में भी और ज्यादा गूंजने लगा राम नाम

**मोबाईल पर राम धुन तो हैलो हाय की जगह अब जय श्री राम**

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक माह से अधिक समय से शहर ही नहीं, बल्कि देश राममय हो गया है। माना जा रहा था कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। और परिवर्तन देखने को भी मिल रहा है। वह है राम नाम के रूप में। पहले जहां धार्मिक ग्रंथों की किताबों की दुकान पर इतनी ज्यादा किताबों की डिमांड नहीं थी। वहीं अब राम चरित मानस और हनुमान चालिसा जैसी धार्मिक किताबों की डिमांड बढ़ गई है। बुक सेलर ईश्वरलाल भाटी 'ईश्वर बुक स्टाल' ने बताया कि अभी तक धार्मिक ग्रंथों की किताबों की डिमांड इतनी नहीं थी, जितनी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अचानक बढ़ गई है। विशेषकर राम चरित मानस और हनुमान चालिसा के साथ राम स्तुति की किताबों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ गया है।

### मंदिरों में युवाओं के हाथों में हनुमान चालिसा...


कुछ समय पहले की बात करें तो बालाजी मंदिरों या राम मंदिरों में हनुमान चालिसा या राम चरित मानस जैसी किताबों का उपयोग बहुत ही कम लोग करते थे। बुजुर्गो के हाथों में ही धार्मिक किताबें या ग्रंथ नजर आया करते थे। लेकिन, अचानक से मंदिरों और धर्म की तरफ रुझान लोगों को बढ़ा है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद तो मानो एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। युवा बड़ी संख्या में विशेषकर बालाजी मंदिरों में दिख रहे हैं। इनके हाथों में हनुमान चालिसा या सुंदर कांड या राम चरित मानस देखी जा रही है। मतलब नियमित रूप से अब युवा भी पाठ और दर्शन की तरफ अग्रसर हो चुके हैं।

### हैलो हाय को बाय बाय...

अभी तक हाय हैला या हाउ आर यू जैसे शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ गया था। अंग्रेजी की डिमांड और पश्चिमी सभ्यता के भारत में इंटरफेर से यह सब ज्यादा देखने को मिल रहा था। लेकिन, अब हाय हैलों की जगह जय श्री राम का चलन अचानक से बढ़ गया है। मोबाईल की हैलो ट्यून भी राम के भजनों से गूंज रही है।

### शिव और कृष्ण के प्रति भी आस्था...

रामभक्ती के अलावा शिवभक्त और कृष्ण भक्ति में भी लोग डूब रहे हैं। कृष्ण भक्तों की बात करें तो कुछ दिन पहले करीब आठ सौ भक्त मंदसौर से वृंदावन दर्शन के लिए एक साथ गए थे। इसी से लोगों की धर्म के प्रति बढ़ रही आस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। इधर सुबह-सुबह बड़े-बुजुर्ग तो ठीक है, बच्चे शिव मंदिरों में भगवान को जल चढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं।




### गीता प्रेस के केंद्रों से पुस्तकें हुई ऑउट ऑफ स्टॉक...

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही प्रदेश में धार्मिक पुस्तकों की ब्रिक्री में जबरदस्त तेजी आई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब तुलसीदासकृत श्रीरामचरित मानस की डिमांड इतनी ज्यादा है। धार्मिक पुस्तकों के तीर्थ माना जाने वाला गीता प्रेस वर्तमान में श्रीरामचरित मानस की मांग पूरी कर पाने में असमर्थ है। गीता प्रेस प्रबंधन के मुताबिक इस साल हर साल के अपेक्षाकृत 20 करोड़ की पुस्तकें ज्यादा बिकी हैं। मांग के मुताबिक अभी सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिसका असर अब प्रदेश में भी नजर आने लगा है। बता दें प्रदेश में गीता प्रेस का डीपो सिर्फ इंदौर में है।

### जैसे- जैसे तारीख नजदीक आई बढ़ने लगी डिमांड...

गीता प्रेस गोरखपुर की फ्रेंचाइजी पर जाने पर पता चला कि वैसे तो पिछले तीन महीने से ही रामायण, रामचरित मानस, हनुमान चालीसा और श्री राम से जुड़ी अन्य धार्मिक किताबों की डिमांड थी। लेकिन जनवरी के दूसरे सप्ताह से अचानक मांग ज्यादा तेज होने लगी और जैसे- जैसे प्राण- प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक आने लगी वैसे- वैसे डिमांड सामान्य दिनों के मुकाबले 10 गुना ज्यादा बढ़ गई।

### श्रीराम के साहित्य को पढ़ने का उत्साह बढ़ा...

लोगों में श्रीराम से जुड़े साहित्यों को पढ़ने का उत्साह बढ़ा है। गीता प्रेस की पुस्तक रामचरित मानस अब हर घर में रखी जा रही है। लोग पूजा कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में तो हजारों प्रतियां लोगों ने खरीदी हैं। यदि सामान्य दिनों की बात करें तो करीब 10 गुना मांग बढ़ी है।




# चार करोड़ का अनुपयोगी ताबूत

## लोगों की जान खतरे में, चार साल से नहीं हो पाया निर्णय

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के किला रोड़ क्षेत्र में 3 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से जल आवर्धन योजना में बनी टंकी निर्माण के बाद से ही विवादों में पड़ी हुई है। चार साल बाद भी इस पर निर्णय नहीं हुआ है। नपा ने इंदौर के जीएसआईटीएस कॉलेज को जांच का जिम्मा सौंपा और 3 लाख 66 हजार 390 रुपए जमा भी कराए। वर्ष 2019 में इस मामले को लेकर कोर्ट में याचिका पेश की थी। इसके बाद से मामला झूल ही रहा है। ऐसे में अब तक टंकी अनुपयोगी पड़ी है। वहीं नपा के विशेषज्ञ मान रहे है कि टंकी खाली होने के कारण खराब होती जा रही है। टंकी की रिपोर्ट भी आ गई। लेकिन चार साल बाद भी टंकी अभी भी ताबूत की तरह खड़ी है। इधर टंकी के कारण क्षेत्र के घरों और सरकारी दफ्तरों में दरारें तक आने की बात सामने आई थी। कुल मिलाकर कोर्ट और अन्य सरकारी दफ्तारों के कारण भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में लोगों की जान खतरें में है।

कोर्ट में याचिका लगे हुए भी चार साल का समय बीत गया। जन लोकोपयोगी कोर्ट में नपा हर बाद यही जवाब दे रही है कि रिपोर्ट आने पर जवाब देंगे। पूर्व में कलेक्टर ने पीएचई, जल संसाधन से लेकर लोक निर्माण विभाग के ईई की टीम बनाई थी। इस टीम ने जांच कर रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद जांच की बात उठी थी। लेकिन टंकी के भविष्य पर अब तक निर्णय नहीं हो पाया है। तकनिकी जांच रिपोर्ट के नाम पर भी लीपापोती की जा रही है। वहीं इस टंकी के बनने के बाद जो रहवासी क्षेत्र में जलापूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त होने की राह देख रहे थे, उनका इंतजार अब भी पूरा नहीं हुआ है। नपा की लापरवाही और अनदेखी के कारण यह टंकी उलझकर रह गई है।

### टंकी के झुकने और दरारें पड़ने से उठे थे सवाल...

टंकी बनाने के बाद इसमें पानी भरने के साथ टेस्टिंग का काम शुरू हुआ। इसी दौरान टंकी झुक गई और परिसर में बने भवनों में दरार पड़ना शुरू हो गई तो टंकी के फाउंडेशन पर बने पिल्लर में भी दरारें आना शुरू हो गई। इस मामले को सबसे पहले गुरु एक्सप्रेस ने प्रकाशित करते हुए उठाया था। इसके बाद अभिभाषक विनोद साल्वी ने न्यायालय में भी इसे लेकर याचिका लगा दी। मामला गरमाया तो तत्कालीन कलेक्टर ने कमेटी गठित कर उन्हें जांच की जवाबदारी सौंपी। इसके बाद तीनों ही विभाग के कार्यपालन यंत्री ने मौका मुआयना कर इसकी जांच की। इसके बाद नपा ने इंदौर जीएसआईटीएस कॉलेज को जांच की जवाबदारी सौंपी और राशि 3 लाख 66 हजार 390 जमा कराने की बात कही। टीम ने मंदसौर आकर मौके पर जांच की, रिपोर्ट भी ढाई से तीन साल में आई। किले की जिस जगह पर टंकी बनाई गई। उस पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि नपा ने उस जगह पर टंकी क्यों बनाई? जल सप्लाई की सुविधा बढ़ाने के जिस उद्देश्य के साथ टंकी का निर्माण किया गया था, वह काम पूरा नहीं हो पाया है।

### टंकी का प्रोजेक्ट रहा विवादों में...

नपा ने शहर की जलापूर्ति को बेहतर करने के लिए 26 करोड़ 48 लाख 88 हजार में सीएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को काम की जवाबदारी सौंपी थी। इसमें शहर किला पर टंकी के साथ अन्य क्षेत्रों में पाइप लाइन सहित जल सप्लाई योजना से जुड़े अन्य काम और टंकियों का निर्माण होना था। बाकी काम तो पूरे हुए, लेकिन किले पर बनी टंकी निर्माण शुरू होने से लेकर बनने के बाद तक विवादों में घिरी है। नपा ने तमाम प्रक्रियाओं का पालन कर इसका निर्माण करवाया। लेकिन, बनते ही इस में दरारें पड़ी और इस पर सवाल उठे तो नपा के पास कोई जवाब नहीं है। मामला गरमाया तो टेस्टिंग के बाद नपा ने इसका उपयोग शुरू नहीं किया। नपाकर्मियो की नासमझी के कारण करोड़ो रूपए पानी के नाम पर बहा दिए गए।

# बिल्लौद स्वास्थ केम्प में एक्सपायरी डेट की दवाई की जा रही थी वितरित

### जनपद सदस्य पतिनिधी ने मौके पर पहुंच कर केम्प करवाया बंद, बनवाया पंचनामा



**बिल्लौद/मगराना, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ की समीपी और मल्हारगढ़ विकास खण्ड के ग्राम बिल्लौद में स्वास्थ चेकअप के लिए



केम्प लगवाया गया था। जिसमे बच्चों से लेकर बूढ़ो तक का हेल्थ चेकअप किया जा रहा था और प्राथमिक उपचार हेतु दवाई नि:शुल्क वितरण की जा रही थी।

दरअसल प्राथमिक शाला बिल्लौद में आधार हाऊसिंग फायनेंस कंपनी द्वारा हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे सभी प्रकार की बीमारी का नि:शुल्क इलाज कर दवाई का वितरण किया जा रहा था। लेकिन, एक दवाई सिट्राजिन का वितरण भी किया जा रहा था जो की मई 2023 में ही एक्सपायर हो चूकी थी, जिसे बिना देखे ही वितरण कर रहे थे। जब एक महिला को यह दवाई दी गई तो उनके पुत्र ने देखा तो दी गई दवाई एक्सपायर हो चूकि थी। जिसकी सूचना जनपद सदस्य प्रतिनिधी विकास जैन को दी गई। सूचना मिलते ही जनपद सदस्य प्रतिनिधी, ग्राम सरपंच प्रतिनिधी एवम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और सारी दवाई चेक की गई। मौके पर मिली दवाई को भी देखा तो वह भी मई 2023 में एक्सपायर हो गई थी। यही नही कई नन्हे बच्चों को भी स्कूल में दवाई वितरण की गई थी, जिसे भी तुरन्त एकत्रित किया गया। जनपद सदस्य प्रतिनिधी विकास जैन द्वारा बीएमओ श्री पाटीदार को अवगत करवाया गया। जिस पर श्री पाटीदार मौके पर पहुँचे और दवाई जप्त कर पंचनामा बनाया गया।

### इनका कहना...

मुझे ग्रामीण द्वारा बताया गया कि शिविर में गोली एक्सपायर होने के बाद भी वितरण की जा रही है तो मौके पहुंचा और शिविर बंद करवा कर मौके पर पंचनामा बनाया और अग्रिम कार्यवाही के लिए बीएमओ सर को दिया।

**विकास जैन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि**

मामला संज्ञान मे आया है। सभी एक्सीपायरी दवाइयां वापिस मंगवा ली है। आधार हाऊसिंग फाइनेंस के उपर कार्यवाही की गई है। जिस किसी भी ग्रामीण या मरीज का स्वास्थ्य ख़राब होता है तो सारा हर्जाना आधार हाऊसिंग फाइनेंस द्वारा भरवाया जायेगा।

**जितेंद्र पाटीदार, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर मल्हारगढ़**




### रतलाम के परवलिया में हत्या कर मंदसौर के खोडाना में खड़ी कर दी थी कार...

# रेलवे इंजीनियर की हत्या में महिला सहित दो गिरफ्तार

## ढोढर की युवती ने पुरुष मित्र के साथ मिलकर रची हत्या की साजिश

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ढोढर की एक युवती से ज्यादा लगाव रेलवे में पदस्थ इंजीनियर की हत्या का कारण बना। भावगढ़ थाने के ग्राम खोडाना में रतलाम में पदस्थ रेलवे के इंजीनियर दिक्षांत पंड्या की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ढोढर की रहने वाली महिला मित्र के चक्कर में इंजीनियर को जान गंवानी पड़ी। वह महिला को रतलाम रखने की जिद कर रहा था। इसी बीच महिला ने अपने अन्य मित्र के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 21 को मिली थी इंजीनियर की कार में लाश...

पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने बताया कि 21 जनवरी 2024 को ग्राम चौकीदार खोडाना द्वारा थाना भावगढ़ पर सुचना दी कि खोडाना गुराड़िया के कच्चे रास्ते पर एक लाल रंग की ब्रेजा कार जिसका नंबर एमपी 43 सीबी 0143 है, में एक व्यक्ति ओंधे मुंह पड़ा हुआ है। ग्राम चौकीदार से सूचना मिलने पर पुलिस थाने से तुरंत टीम रवाना होकर घटना स्थल पहुंची। जहां मृतक की पहचान दिक्षांत पिता नवीन पंण्डिया निवासी रेल्वे कालोनी रतलाम होना पाया गया। इस संबंध में मृतक के परिजनो को सूचित कर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

### मोहसिन से थे प्रेम संबंध...

श्री सुजानिया ने बताया कि दिक्षांत पण्डिया का ढोढर की एक युवती के घर आना जाना है व घटना के संबंध मे उक्त युवती को जानकारी है। मुखबीर सूचना के आधार पर ढोढर निवासी युवती से पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान युवती द्वारा बताया गया की मैं मोहसिन पिता नजीम खा निवासी परवलिया थाना रिंगनोद को करीब 10 वर्षों र्से जानती हूं। मोहसिन मेरे पास पिछले 10 वर्ष से आ रहा है। करीब चार-पांच वर्ष से मोहसिन से मेरे अच्छे संबंध हो गये थें। वह मुझे बहुत प्यार करने लगा था तथा मेरा सारा खर्चा उठाता था। करीब दो साल से मेरी पहचान दीक्षांत पिता नवीन प्रसाद पंड्या उम्र 39 साल निवासी गुजराती चाल स्टेशन रोड रेलवे कालोनी रतलाम जिला रतलाम से हो गयी थी।

### रतलाम रहने की जिद करता था दीक्षांत...

युवती ने पुलिस को बताया कि पिछले 6 महीने से दीक्षांत लगातार मुझसे रतलाम रहने की बात को लेकर जिद करता था व कई बार गाली-गलोच भी की, जिससे मैं परेशान हो गयी थी। लेकिन, कभी भी पुलिस में रिपोर्ट लिखाने की हिम्मत नहीं कर पायी। इसी बीच मोहसिन का मेरे यहां ज्यादा आना जाना शुरु हो गया था। करीब एक महीने पहले जब मैं काफी परेशान थी तो मोहसिन के पूछने पर मैंने उक्त बात मोहसिन को बताई थी तो उसने मुझसे बोला था कि तुम बोलो तो मैं उसे रास्ते से हटा देता है। मेरे पास एक पिस्टल रखी हुई है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम...

पुलिस कप्तान श्री सुजानिया ने बताया कि 20 जनवरी 2024 को आरोपिया व दीक्षांत नीमच के जेतपुरा में शादी में गये थे। जहां दीक्षांत द्वारा फिर से रतलाम लेकर जाने की जिद की व गाली गलोज की गई। उसी समय मोहसिन का फोन आने पर पूरी घटना बताई, फिर मोहसिन ओर आरोपिया ने दीक्षांत को मारने का प्लान बनाया। दीक्षांत और आरोपिया के परवलिया पहुंचते ही पूर्व से सुनियोजित तरीकेसे मोहसिन पिता नजीम खान अपनी मोटर साईकल पर पिस्टल के साथ इंतजार कर रहा था। दीक्षांत के आने पर मोहसिन ने दीक्षांत को 04 गोली मार दी, जिससे मोके पर ही दीक्षांत की मौत हो गई। दीक्षांत की बाडी सहित उक्त ब्रेजा कार को आरोपिया व मोहसिन ने खोडाना- गुराड़िया के कच्चे सुनसान रास्ते पर जाकर खड़ा कर दिया और मोहसिन अपनी काले रंग की बजाज प्लेटिना मोटर साईकल पर आरोपिया के साथ वापस अपने घर आ गये। इसके बाद परवलिया फार्म हाउस पर कपड़े बदलने के लिए गए।

### अखेपुर भागने के चक्कर में था मोहसिन...

श्री सुजानिया ने बताया कि मोहसिन के रिश्तेदार अखेपुर रहते हैं। मुखबीर सूचना के आधार पर मोहसिन के अखेपुर भागने की सूचना मिलने पर टीम रवाना की गई प्रतापगढ़ और झालावाड़ पुलिस की भी मदद ली गई। थाना भावगढ़ क्षेत्र के भावगढ़-नांदवेल रोड के पास से आरोपी मोहसिन गिरफ्तार कर विधिवत हिरासत लिया गया। जिसमे आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल व पिस्टल जप्त की गई। आरोपी द्वारा घटना में साक्ष्य छिपाने के लिए घटना के समय पहने कपड़े व मोबाईल जला दिया गया। जिसे विधिवत जप्ती पंचनामा बनाकर जप्त किया गया।



### लंबा है मोहसिन का आपराधिक रिकॉर्ड...

आरोपी मोहसिन पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति का होकर बदमाश है। पूर्व से इसके खिलाफ थाना सैलाना, रिंगनोद व कालुखेड़ा में आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। इसके अतिरिक्त उज्जैन, प्रतापगढ़ व अन्य जिलो से आपराधिक रिकार्ड के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। पुलिस कप्तान ने बताया कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार मोहसिन पर चार केस आर्म्स एक्ट और एक एनडीपीएस का दर्ज है। जिसमें सभी में वह जमानत पर है।

### कहानी में दिख रहा झोल...

पुलिस की कहानी में एक झोल भी साफ दिख रहा है। कोई भी महिला हो, अपने एक प्रेमी के लिए दूसरे प्रेमी को मरवा भले ही डाले। किन्तु, गाड़ी से खून साफ कर फिर ड्रायविंग सीट पर बैठकर कार को ड्राईव कर ले जाने की हिम्मत नहीं कर सकती। वह भी उस स्थिति में जबकि कंडक्टर साईड की सीट पर मृतक का शव रखा हो। सूत्रो की अनुसार इस मामले में एक व्यक्ति का और रोल होगा? बताया जा रहा है कि दो दिन तक किसी लक्की को भी भावगढ़ में बैठाकर रखा गया था। जिसे ऐन प्रेस वार्ता के दौरान छोड़ा गया। इसमें भी दलौदा के पुलिस वाले की भूमिका बताई जा रही है। पुलिस कप्तान को अपनी पैनी नजर इस ओर भी डालना चाहिए। क्योंकि, यह कहानी न्यायालय में शायद लंबी नहीं चल पाएगी?

# पांच आरोपियो से मिला 62 किलो डोडा छिलका, सभी रिमांड पर

**भानपुरा, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भैसोदामंडी चौकी पुलिस ने पंजाब के पांच आरोपियो के कब्जे से 62 किलो डोडा छिलका बरामद किया है। सभी आरोपियो को न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग की गई थी। जिस पर सभी को गुरुवार तक की रिमांड पर पुलिस के सुपूर्द किया गया है। अब पुलिस आरोपियो से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

भानपुरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर सूचना पर मालीपुरा फाटक के पास, भवानी मंडी रेलवे स्टेशन के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की गई। वहां रोकी बागले पिता देव बागले उम्र 40 साल, नसीब बागले पिता देव बागले उम्र 42 साल निवासी भीखी खुत्रा पायल पुलिस आयुक्तालय




लुधियाना, मेसी बागले पिता थाना बागले उम्र 50 साल निवासी भीखी खुत्रा पायल पुलिस आयुक्तालय लुधियाना, वासु बागले पिता दीपू बागले उम्र 25 साल निवासी चिट्टी कालोनी जालंधर बायपास सलेम तबरी पुलिस आयुक्तालय लुधियाना, लाजर क्रिश्चियन पिता मानु क्रिश्चियन उम्र 21 साल निवासी यूयू एस कालोनी पुलिस आयुक्तालय लुधियाना पंजाब की तलाशी ली गई। उनके कब्जे से 62 किलो डोडाचूरा मिला। जिसे जप्त कर सभी पांचो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पांचो आरोपी गुरुवार तक पुलिस रिमांड पर है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियो ने राजस्थान से ही डोडाचूरा लाने की बात कही है। लेकिन, वे यह भी कह रहे है कि हम नाम से नहीं शक्ल से जानते है। पुलिस उन्हें लेकर बताए गए स्थान पर जाएगी। जिससे पता चल सकेगा कि पंजाबियो को डोडा छिलका किसने उपलब्ध कराया है।

### मामला कलयुगी बाप द्वारा मासूम बेटी को गांधी सागर में फैकने का...

# तीसरे दिन भी नहीं मिली बच्ची, पिता रिमांड पर

**भानपुरा, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलयुगी बाप द्वारा गांधीसागर में फैंकी गई मासूम बच्ची तीसरे दिन भी नहीं मिली। इधर पुलिस ने आरोपी पिता को एक दिन की रिमांड पर लिया है। बुधवार शाम खबर लिखे जाने तक गोताखोरो ने रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया था। गुरुवार सुबह एक बार फिर बालिका को खोजने के प्रयास किए जाएंगे।

दरअसल एक व्यक्ति ने अपनी 4 साल की मासूम बच्ची को गांधी सागर में फेंक दिया था। वह सोमवार को पत्नी से विवाद के बाद छोटी बेटी को अपने साथ ले गया था। मंगलवार सुबह जब वह घर लौटा तो पत्नी को बेटी नहीं दिखी। जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। फिलहाल गोताखोरों की टीम बच्ची की तलाश में जुटी हुई है। भानपुरा थाना क्षेत्र के कोटड़ी टैंक निवासी रघुनंदन मीणा का अक्सर पत्नी से विवाद होता रहता था। पत्नी उसे छोड़कर जाने की धमकी देती थी। सोमवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसे बाद आरोपी रघुनंदन सबसे छोटी बेटी 4 वर्षीय चेतना को अपने साथ लेकर चला गया था। पुलिस ने बताया कि पति अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर शंका करता था। यह विवाद का सबसे महत्वपूर्ण कारण था। रघुनंदन को शंका था कि उसकी चार साल की बेटी किसी और की है। इसी बात को लेकर आरोपी पिता ने पुलिया से अपनी चार साल की मासूम बच्ची को गांधी सागर में फेंक दिया।

## भारत पेंशनर समाज के प्रांतीय सचिव मनोनीत हुए भावसार



**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर। म.प्र. पेंशनर समाज शाखा महिदपुर जिला उज्जैन द्वारा पेंशनर सम्मान समारोह प्रांताध्यक्ष डी.पी. दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं मंदसौर जिला अध्यक्ष पं. गोपाल कृष्ण शर्मा के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रांताध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में पेंशनर एवं कर्मचारी विरोधी धारा 49 (6) को विलोपित करने, आयुष्मान कार्ड जारी करने, जुलाई 2023 से बकाया 4 प्रतिशत महंगाई राहत दिये जाने पर विशेष जोर दिया साथ ही म.प्र./छ.ग. में एक ही सरकार होने के बावजूद 49 (6) धारा को विलोपित करने के लिये दोनों मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है।

सम्मान समारोह के अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा मंदसौर जिले में प्रांत का प्रतिनिधित्व करने हेतु प्रांतीय सचिव कन्हैयालाल भावसार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सम्मान समारोह के अवसर पर मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व अशोक कुमार शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष, महामंत्री इंजि. सुनील व्यास, संयोजक बलवंतसिंह कोठारी, उपाध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम टेलर, तह. अध्यक्ष भानपुरा मोहनलाल मरमट आदि पदाधिकारियों ने सहभागिता दर्ज की। श्री कन्हैयालाल भावसार को प्रांतीय सचिव बनाये जाने पर भारत पेंशनर समाज मंदसौर के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। उपरोक्त जानकारी श्री अशोक कुमार शर्मा द्वारा दी गई।

# शिवना को शुद्ध रखने के लिये नालों का गंदा पानी रोकना अति आवश्यक

## गायत्री परिवार ने 5 सप्ताह तक चलाया शिवना शुद्धिकरण अभियान

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार के श्रमदानियों ने शिवना नदी की सफाई करने हेतु पांच सप्ताह का संकल्प लिया था। तद्नुसार निरंतर सफाई अभियान चलाया गया तथा अंतिम सप्ताह भी शिवना नदी की सफाई कर बड़ी मात्रा में गंदगी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार द्वारा वर्ष 2009 से सार्वजनिक स्थलों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान प्रभारी हर्ष शर्मा ने बताया कि गायत्री परिवार के शिवना शुद्धि अभियान पांच सप्ताह चलाया। इस अभियान से जनप्रतिनिधियों को जुड़ना था लेकिन सिर्फ श्रमदानी ही लगे रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों को मिलकर शिवना शुद्धिकरण पर ध्यान देना चाहिये। जनता की भावना को समझे। नालों का गंदा पानी शिवना में लगातार मिल रहा है जब तक इसे नहीं रोका गया शिवना का पानी शुद्ध नहीं हो सकता। शासन द्वारा किये गये प्रयास अभी तक शून्य ही नजर आ रहे है। सरकार द्वारा स्वीकृत 28 करोड़ रूपये की राशि उपयोग अभी तक कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा पूजा सामग्री डालने हेतु शिवना के घाटों व पूलों पर डस्टबीन लगाने की मांग की ओर भी शासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। गायत्री परिवार के स्वच्छता अभियान प्रभारी बाबूलाल चौहान ने शिवना के हाल पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति को भी शिवना पर ध्यान लगाना चाहिये ताकि मंदिर के साथ ही शिवना भी शुद्ध रह सके। पतंजलि योग संगठन प्रभारी बंशीलाल टांक ने कहा कि 15 वर्ष से गायत्री परिवार शिवना शुद्धिकरण अभियान चला रहा है। शुद्धिकरण के नाम पर राशि भी केन्द्र से मिल गई है लेकिन नालों का गंदा पानी नहीं रोकने से शिवना का पानी दूषित हो रहा है जिससे बीमारी फैलने का भी अंदेशा है। गायत्री परिवार के योगेश सोम ने कहा कि मैं शिवना शुद्धिकरण अभियान से 15 वर्ष से जुड़ा हूॅं। पहले शिवना इतनी गंदी नहीं थी लेकिन अब यहां गंदगी अधिक हो गई हैं कारण नालों का पानी इसमें मिलना है। प्रशासन ध्यान दे जिससे मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों को स्नान हेतु स्वच्छ जल मिल सके।



शिवना शुद्धिकरण में सेवानिवृत्त सहायक कोषालय अधिकारी बी.एल. चौहान, नालछा मंदिर ट्रस्टी हर्ष शर्मा, रमेश सोनी, योग गुरु बंशीलाल टांक, योगेशसिंह सोम, फिरोज हुसैन, जाफर मंसूरी, मांगीलाल लक्षकार आदि ने सहभागिता की। डिप्टी सीएम से मिले श्रमदानी- शिवना शुद्धिकरण के लिये डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा से भी श्रमदानी मिले तथा उनसे मांग की कि शिवना के यहां गार्ड की व्यवस्था हो, शिवना में मिल रहे गंदे नालों को तत्काल रोका जाये तथा शिवना तट पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर शिवना को गंदा करने वाले को रोका जाये। श्री देवड़ा ने मांगों को लिखित में देने व इनका निराकरण जल्द करने का आश्वासन दिया।

# महादेव की भक्ति जीवन के सारे कष्ट दूर कर देती है -आचार्य रामानुजजी

### श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर नवनिर्माण में शीला पूजन की गई

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर के नवनिर्माण का कार्य बहुत तीव्र गति से चल रहा है इस बात की मुझे बहुत प्रसन्नता है। विगत 25 मई को जब मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया था तभी से हम सब पर भगवान महादेव की यह कृपा हुई कि इस शिवरात्रि तक तो यह मंदिर 9 फीट की शिलाओं के साथ अपना स्वरूप धारण कर लेगा। अगली महाशिवरात्रि तक मंदिर का पूर्ण निर्माण होकर इसका प्रतिष्ठा महोत्सव भी संपन्न होगा।

यह विचार आचार्य श्री रामानुजजी ने श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर के नवनिर्माण के अंतर्गत शिला पूजन के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।आपने कहा कि भगवान महादेव की अराधना करने से हमारे जीवन के सभी कष्टों से हमें महादेव मुक्ति दिलाते हैं। महादेव की पूजा और उपासना जीवन के प्रत्येक चरण को संभल देती है और जीवन को सार्थकता देते हुए प्रत्येक कार्य को सिद्ध करती है।



इस अवसर पर अमलेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. गोपाल गुरु ने मंदिर के नवनिर्माण कार्य की प्रगति से अवगत कराया। आरंभ में आचार्य श्री रामानुज जी और उपस्थित सभी श्रद्धालुओ ने वैदिक मंत्रोचारण और पूर्ण विधि विधान से शीला पूजन की। आचार्य श्री का स्वागत मंदिर समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर हुडको डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार विक्रम विद्यार्थी, खूबचन्द शर्मा, विरेन्द्र पंडित, आरती दवे, सत्यनारायण शर्मा, मुकेश काला, सुरेन्द्र कुमावत, सुनील गुप्ता, कन्हैयालाल शर्मा, महेश मोदी, शरद पारीक, भंवरलाल कुमावत, बाबूलाल कुमावत, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।संचालन ब्रजेश जोशी ने किया। आभार समिति अध्यक्ष पं. गोपाल गुरु ने प्रकट किया।

# घोड़ारोज का क्षेत्र में आतंक, खड़ी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

## ब्लॉक कांग्रेस मल्हारगढ़ ने किसानों के साथ सौपा ज्ञापन, इनसे दुर्घटना में मौत पर 10 लाख दे सरकार

**मल्हारगढ़ 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** खेतो में किसानों द्वारा कड़ी मेहनत कर फसलों को बड़ा किया लहलहाती फसलों को घोडारोज( रोजड़े )रौंद रहे है ओर किसान अपनी आंखों के सामने फसल बर्बाद होते देख रहा है।

बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ द्वारा इस गम्भीर समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर किसानों के साथ एक ज्ञापन अनु विभागीय अधिकारी विवेक सोनकर को सौपा ज्ञापन का वाचन करते हुवे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में इन जानवरों का प्रकोप दिन प्रति दिन बढता ही जारहा है इनका प्रकोप फसलों पर कहर बरपा रहा है।इससे खेती किसानी बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है दिन भर खेती में काम और रातभर कड़कड़ाती ठंड में खेतों पर रतजगा करना किसानों की नियति बन गई है।नींद के अभाव में किसानों के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ रहा है।दिनों दिन घोडारोज जानवर हमलावर भी होते जारहे है क्षेत्र में 30 से 40 प्रतिशत फसलों को यह नष्टकर रहे है विशेष कर इनकी प्रिय फसल अफीम को भी यह नुकसान पहुंचा रहे है किसानों द्वारा फसलों को घोडारोज से बचाव के लिए खेतो के चारो ओर तार फेंसिंग भी करना पड रही है तो कई किसान खेत के चारो ओर साड़ियां बांधकर इनसे बचाव की जद्दोजहद कर रहा है।अफीम की फसल क्षतिग्रस्त होने पर नारकोटिक्स विभाग को भी नियमो में संशोधन कर किसानों को राहत दी जाना चाहिए।साथ ही घोडारोज से दुर्घटना पर मौत होजाने वाले व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख व घायल को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाना चाहिए।



जिला कांग्रेस महामन्त्री अजित कुमठ ने कहा कि सरकार को घोडारोज को लेकर तत्काल एक कमेटी बनाकर इस समस्या का समाधान करना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ व किसान नेता कचरूलाल चढ़ावत ने कहा कि अन्य जिलों की तरह यहां भी प्रशासन इनको शूट करने का आदेश दे चार दिन में प्रशासन ने अगर ठोस कार्यवाही नही की तो अगले आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। किसान व कांग्रेस नेता बाबुखा मेवाती ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी द्वारा घोडारोज से फसलों के बचाव के लिए जाली लगाने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान की घोषणा की थी भाजपा की मोहन यादव जी की सरकार किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान दे। इस मौके पर जिला कांग्रेस के महामंत्री लियाकत मेव, किशनलाल चौहान, कन्हैयालाल पाटीदार सूपड़ा, उपाध्यक्ष अनिल मुलासिया, वरदीचंद पंवार, नागेश्वर चौहान, महामन्त्री ईशरत शेख,सचिव किशोर टेलर,नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप यादव,मदनलाल कारपेंटर,सेक्टर अध्यक्ष कोहिनूर मेव,फारुख पठान, राहुल डाँगी, बंशी लाल पाटीदार पटेल,विष्णु रारोतिया, कन्हैयालाल रारोतिया, कंवरलाल चौहान सेमली, देवीलाल, मदनलाल, महेश, पप्पुलाल डाँगी, पकंज बोराना,जगदीश माकनिया,मांगीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में किसान व कांग्रेसजन मौजूद थे।

# स्वर्णकार समाज की समस्याओं के निराकरण के लिये हेल्पलाइन नम्बर जारी होगा

### स्वर्णकला बोर्ड की बैठक भोपाल में सम्पन्न

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिवस म.प्र. स्वर्णकला बोर्ड की एक मीटिंग भोपाल में आयोजित हुई। बैठक में स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) दुर्गेश सोनी रेहटी, बोर्ड सदस्य अजय सोनी मंदसौर, भोलेशंकर सोनी जबलपुर, कमल सोनी रीवा, कम्लेश सोनी सागर उपस्थित रहे। बैठक में बोर्ड अध्यक्ष दुर्गेश सोनी रेहटी ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज की समस्याओं के निराकरण के लिये जल्द ही एक हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जाएगा। जिस पर कॉल करके समाजबन्धु शासन की योजनाओं की जानकारी के साथ ही अपनी समस्या व सुझाव बता सकते है। जिस पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक समस्या व सुझाव को पहुंचाकर उन समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

बोर्डसदस्य अजय सोनी मंदसौर ने बताया कि स्किल ट्रेनिंग जॉब अपोच्युनिटी ऑफ यूथ इन डायमंड कंपनी भोपाल के माध्यम से समाज के युवाओं को डायमंड की पॉलिशिंग एवं कटिंग की ट्रेनिंग दिया जाएगा। इस योजना पर कार्य किया जा रहा है जल्द ही समाज के युवाओं को उक्त संस्था के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाएगी। जो युवा ट्रेनिंग लेगा उसे 6500 रू. मासिक भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। ट्रेनिंग लेने के बाद युवा को नौकरी दिलाकर उसे



रोजगार से जोड़ा जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष, डिप्टी सीएम एवं रोजगार मंत्री से मिले- भोपाल प्रवास के दौरान वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) दुर्गेश सोनी रेहटी, बोर्ड सदस्य अजय सोनी मंदसौर, भोलेशंकर सोनी जबलपुर, कमल सोनी रीवा, कम्लेश सोनी सागर ने विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्रसिंह तोमर, उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र दर्जा श्री गौतम टेटवाल से भी मिले तथा स्वर्णकार समाज की योजनाओं एवं समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु सांई पब्लिक स्कूल के 3 खिलाड़ियों का चयन

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय बालक/



बालिका बेसबॉल प्रतियोगिता 28 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक कोरबा छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए श्री सॉई पब्लिक स्कूल दलौदा के 3 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। 19 वर्ष बालिका उर्मिला मालवीय पिता श्री मन्नालाल मालवीय गांव (देहरी) व 14 वर्ष बालक में दिव्यांश हकवाडिया पिता श्री घनश्याम हकवाडिया (धमनार) व 14 वर्ष बालिका में दीपिका धाकड़ पिता श्री हरिनारायण धाकड गांव (बनी) का चयन किया गया है।

यह सभी खिलाड़ी मध्य प्रदेश 14 व 19 वर्ष बालक/ बालिका बेसबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था संचालक श्री मोहसिन अख्तर, प्राचार्य श्री नरेंद्र सिंह सोलंकी, उपप्राचार्य श्री मनोज शर्मा, मंदसौर जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री बंसीलाल बारीवाल, मध्यप्रदेश बेसबॉल टीम के दल प्रबंधक श्री अशोक शर्मा, संकुल प्राचार्य श्री शीतल जैन, मंदसौर जिला बेसबॉल सचिव श्री ओम सूर्यवंशी, दिनेश धाकड़, अभिषेक सेठिया, सपना धाकड़, आरती चंद्रावत एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाइयां एवं शुभकामना दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी व्यायाम शिक्षिका आरती चंद्रावत ने दी।

# गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण

# एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिसौदिया की उपस्थिति में अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न

**नीमच 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में नीमच 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शा.बा.उ.मा. विद्यालय क्रं.-2 नीमच पर आयोजित होगा। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कर्मचारियों को पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योंजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रात: 8 बजें ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह में प्रात:9.00 बजे कलेक्टर श्री दिनेश जैन ध्वजारोहण कर, आयोजित भव्य परेड की सलामी लेंगे तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगें। परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच, सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल के जवानों और वन विभाग, नगर सेना एंव एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन स्काउट की टुकडी भी शामिल होगी।

इस अवसर पर नगरपालिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, आदिम जाति कल्याण, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण, जिला पंचायत, उद्यानिकी, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी, महिला एंव बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा विकास गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकिया भी निकाली जाएगी। गणतंत्र दिवस पर ग्राम स्तर पर भी ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें और स्कूली बच्चों की प्रभात फैरी भी निकाली जायेगी।





अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना पुलिस अधीक्षक श्री अमितकुमार तौलानी की उपस्थिति में गंणतत्र दिवस समारोह की तैयारियों की फुल ड्रेस रिहर्सल(अंतिम पूर्वाभ्यास)बुधवार को शा.बा.उ.मा.वि.क्रं.-2 नीमच के मैदान पर किया गया।

इस अंतिम पूर्वाभ्यास में सभी टुकडियों ने मार्च पास्ट परेड एवं विभिन्नं विदयालयों के छात्र-छात्राओं सहित दिव्यांयग बच्चों ने देश भक्ति पूर्ण गीतों की प्रस्तुत दी। अपर कलेक्टर एवं सी.एस.पी. ने परेड का निरीक्षण कर, परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर सुश्री नेहामीना, अतिरिक्त. पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया, सयुक्तइ कलेक्टअर, श्री राजेशशाह, डिप्टीम कलेक्टकर श्री संजीव साहू, सुश्री किरण आंजना, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, तहसीलदार श्री प्रेमशंकर पटेल, डॉ.राजेश पाटीदार ,नगर पालिका सीएमओ श्री महेन्द्रे वशिष्ठप, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।

### गणतंत्र दिवस केअवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पर होगा ध्वजारोहण

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पर प्रात: 08:30 बजे सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ.सुषमा आर्य, मुकेश काला, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार सहित वरिष्ठ पदाधिकारीगण, जन प्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। नगर में निवासरत समस्त वरिष्ठजन, पदा-धिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता गण नियत समय पर पहुंचकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहभागिता करे।

## 22 गांवो में आज राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन होगा

**नीमच 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज 25 जनवरी 2024 गुरुवार को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 22 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर लगाया जाएगा।

इस अभियान के तहत नीमच नगर तहसील के जेतपुरा, रावतखेडा, धनेरियाकलां, नीमच ग्रामीण तहसील के बोरखेडीकलां, डसानी, अरनिया मानगीर, जीरन तहसील के गाँव नायनखेडी, भडक सनावदा, जावद तहसील के बरखेडा कामलिया, नयागांव, माण्डार, डिकेन, मनासा तहसील के रूपावास, देवरीपडदा, दातोली, बख्तुंनी, चिकली, ढोढर, सिंगोली तहसील के खेडामोका का डोल, पिपलीखेडा, रामपुरा तहसील के गाँव हरिपुरा, आमल्याण में राजस्वढ सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अधिकाधिक ग्रामीणों से इन राजस्व सेवा शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने ने सम्बन्धित राजस्व अधिकारियो और पटवारियों को निर्देश दिए है, कि वे कोटवार के माध्यम से सम्बन्धित गाँव में शिविरों की सूचना ग्रामीणों और किसानो को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे।

### नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर नपा कार्यालय भवन व अन्य स्थानो पर ध्वजारोहण करेगी

मंदसौर। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 26 जनवरी शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा मंदसौर नपा कार्यालय सहित कई स्थानो पर ध्वजारोहण किया जावेगा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर प्रात 7.15 बजे मण्डी गेट मंदसौर पर ध्वजारोहण करेगी। इसके उपरांत प्रात 7.30 बजे नपा कार्यालय भवन गांधी चैराहा पर ध्वजारोहण किया जावेगा। श्रीमती गुर्जर प्रात 8.15 बजे धानमण्डी नवीन पम्प हाउस पर ध्वजारोहण करेगी। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला प्रात 7.45 बजे विघा विहार वाचनलय भवन पर ध्वजारोहण करेगी। नपा परिषद के द्वारा अन्य स्थानो पर भी ध्वजारोहण कार्यक्रम रखे गये है। नपा सभापतिगणो के द्वारा विभिन्न स्थानो पर प्रात 7.50 बजे से 8.45 बजे तक ध्वजारोहण किया जाऐगा। नगर के गणमान्य नागरिको से नपा परिषद अपील करती है कि वे नपा के द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमों में शामिल होवे।

# केन्द्रीय विद्यालय के 124 विद्यार्थी अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति से जूड़े

### कलेक्टर यादव, सीईओ श्री सत्यम, वनमंडलाधिकारी श्री रायखेरे भी रहे उपस्थित

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धुंधलेश्वर महादेव वन मण्डल मन्दसौर की मन्दसौर परिक्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम में बुधवार को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष रूप से कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर श्री कुमार सत्यम, वनमंडलाधिकारी श्री संजय रायखेरे, जनपद सदस्य मंदसौर श्री शिवराजसिंह राणा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पीएम केन्द्रीय विद्यालय के 66 छात्र एवं 58 छात्राएं कुल 124 विद्यार्थियों एवं 6 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

अनुभूति प्रेरक श्री राजकमल आर्य से.नि. उपवनक्षेत्रपाल प्रेरक ने अनुभूति के संबंध में जानकारी दी, प्रकृति पथ पर पेड़, पौधों, घाँस,औषधीय पौधों की पहचान करवाई, उनके उपयोग से अवगत करवाया,वृक्ष एवं वनों के महत्व, पर्यावरण, खाद्य श्रृंखला, तेंदू पत्ता संग्रहण की जानकारी, महुआ के उपयोग,नदी, नाले में जल का प्रवाह, भू जल संरक्षण की जानकारी दी। दोपहर भोजन उपरांत वन विभाग की संरचना एवं विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं पदों की जानकारी दी।अखिल भारतीय सेवाओं की जानकारी एवं उनकी भर्ती संबंधी जानकारी दी। धुधलेश्वर महादेव ट्रेल पर बच्चों को भ्रमण करवाया। नेचर वॉलेंटियर का चयन किया, फीडबैक फार्म भरवाए,शपथ ग्रहण करवाई एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरुष्कार वितरित किये गए।कार्यक्रम मे श्री रतनसिंह सिंगोड़ रेंज आफिसर मन्दसौर ने भी विभिन्न जानकारी दी। पेपर से बाघ बनवाये। बच्चों को अनुभूति पुस्तिका केप एवं पेन वितरित किये। वनकर्मचारी गण उपस्थित रहे। मैं भी बाघ गाने पर बच्चों ने नृत्य किया एवं ग्रुप फोटोग्राफी करवाई।

कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 24.01.2024

✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती तृप्ति कुमारी, 2. हर्ष कुमार, 3. गोपाल पिता बापुलाल, निवासी स्कीम नंबर- 1, रोड़ नंबर-4, मंदसौर के स्वामित्व व आधिपत्य का एक मकान जो कि भूखण्ड कमांक-474 पर बना होकर स्कीम नंबर- 1 मंदसौर में स्थित हैं, उक्त प्लाट को श्रीमती सम्पत बाई पति बापुलाल जी तोसलीवाल माहेश्वरी, निवासी ग्राम कुचडोद तहसील व जिला मंदसौर ने उनके जीवनकाल में विधिवत रजिस्टर्ड विकय पत्र क्रमांक 09.10.1967 से चांदमल पिता किशनलाल जी महाजन, निवासी मंदसौर से क्रय किया था। श्रीमती सम्पत बाई तथा उनके पति बापुलाल जी का स्वर्गवास जो हो चुका है, उनके स्थान पर श्रीमति चन्द्रकलाबाई पति बाबुलाल जी, तृप्तीकुमारी, हर्षकुमार, गोपाल नाबालिग पिता बाबूलाल सरपरस्त माता चन्द्रकलाबाई का नामांतरण नगर पालिका परिषद मंदसौर में दिनांक 23.12.1996 से नामांतरण स्वीकृत हो चुका है। श्रीमति चन्द्रकलाबाई का भी स्वर्गवास हो चुका है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है- चर्तु:सीमा पूर्व में- गली नंबर-4, पश्चिम में रोड़ नंबर-4, उत्तर में- ब्लॉक नंबर-493, दक्षिण में ब्लॉक नंबर-495। पैमाईश- पूर्व से पश्चिम 80 फीट, उत्तर से दक्षिण 30 फीट। कुल क्षेत्रफल - 2400 वर्गफीट है।

उक्त संपत्ति पर 1. श्रीमती तृप्ति कुमारी, 2. हर्ष कुमार, 3. गोपाल पिता बापुलाल, निवासी स्कीम नंबर-1, रोड़ नंबर-4, मंदसौर द्वारा एच.डी.बी. फायनेशियल सर्विसेस लिमिटेड महाराणा प्रताप बस स्टेंट के पास पामेचा कॉम्पलेक्स मन्दसौर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 3 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 39 | 2248 | 2301 |
| उड़द | 07 | 4753 | 5711 |
| सोयाबीन | 4751 | 3800 | 4742 |
| गैहु | 2259 | 2490 | 2951 |
| चना | 32 | 4910 | 5201 |
| मसुर | 26 | 5000 | 6001 |
| धनिया | 248 | 4801 | 6941 |
| लहसुन | 5700 | 16000 | 24500 |
| मैथी | 346 | 5300 | 6339 |
| अलसी | 1156 | 4650 | 5080 |
| सरसो | 1016 | 4491 | 5027 |
| तारामीरा | - | - | - |
| इसबगोल | 14 | 11300 | 15600 |
| प्याज | 2661 | 601 | 1472 |
| कलोंजी | 22 | 12200 | 16900 |
| डॉलर | 05 | 4600 | 10651 |
| तिल्ली | 09 | 9900 | 15294 |
| मटरसुखी | - | - | - |
| असालीया | 68 | 7209 | 8740 |

## मालवीय भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के पद पर मनोनीत



**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानन्द की सहमति से भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अनुसूचित जाति मोर्चा में जनसेवक कैलाश मालवीय जिला मंदसौर को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के पद पर मनोनीत किया।

## मनासा एसडीएम आज राज्यपाल द्वारा सम्मानीत



**मनासा 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन के विगत विधानसभा चुनाव में मनासा विधानसभा क्षेत्र की क्र. 228 में सम्पन्न हुए निर्वाचन में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में उल्लेखनीय कार्य में अहम भूमिका का दायित्व निभाने पर एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नवीन मतदाताओं के नाम के बढ़ाने, मृतक एवं नामावली पूर्ण रूप से संशोधित हेतु स्वीप गतिविधियों में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने में अपनी महत्वपूर्ण भुमिका निभाने वाले अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री पवन बारिया को कुशाभाउ ठाकरे, इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर (पुरानी विधानसभा) भोपाल में आयोजित 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी 2024 को महामहिम राज्यपाल महोदय श्री मंगु भाई पटेल द्वारा गरिमामय समारोह में पुरस्कृत किया जावेगा।साथ ही मनासा विधानसभा क्षेत्र 228 से उत्कृष्ट बुथ लेवल अधिकारी के रूप में अपनी सेवा देने वाले श्री चन्द्रशेखर सोनी को भी महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा इस अवसर पर सम्मानित किया जावेगा।

## जहाँ हरियाली होती है वही हरि का निवास होता है

**सुवासरा24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या धाम प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामकथा प्रवक्ता साध्वी सीताबहन श्री वनदेवी आश्रम ओम्कारेश्वर के मुखारविंद से आयोजक परिवार कमल कुमार सोनी एवं सम्मस्त साडीवाल परिवार के द्वारा रुनिजा (रोड ) गायत्री मंदिर परिसर सुवासरा में चल रही

नवदिवसीय श्री रामकथा के द्वितीय दिवस में साध्वी जी ने बताया कि कण कण में परमात्मा विद्यमान है मीरा ने कहाँ पायौ जी मेने राम रतन धनपायौ जब जितना समय मिले हरि का भजन करे। जो विश्राम दे उसे भगवान श्रीराम कहते है। श्री राम भगवान करुणा के सागर हे उनकी दृष्टिजिस पर गई उसका कल्याण हो गया। कथा में बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के क्षेत्रवासियों ने रसपान किया।

## वाराणसी कोर्ट का

... पेज 1 से जारी

### हिंदू पक्ष ने कहा- सार्वजनिक हो रिपोर्ट...

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इस बात का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय में होने वाली कार्यवाही तक का प्रसारण होता है। यह लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। सभी आस्थावान लोग चाहते हैं कि वह इस मामले की सचाई को जान सकें। इस पर भला किसी को क्या ही आपत्ति हो सकती है। जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने आदेश को सुरक्षित रख लिया है।

### ✻✻शोक बैठक✻✻

हमारे कवरसाहब, नरेंद्र के जीयाजी एवं श्याम , संजय , आशीष, राजेश के फूफा जी श्री ओम प्रकाश जी सोमानी ( जोबट वाले) का स्वर्गवास दिनांक 22 जनवरी 2024 सोमवार को हो गया है। जिनकी शोक बैठक दिनांक 25 जनवरी 2024 गुरुवार को शाम 5:00 बजे से 6:00 तक श्री माहेश्वरी माध्यमिक विद्यालय बड़ा चौक मन्दसौर पर रखी गई है



**शोकाकुल :**
हरिवल्लभ ,बालकृष्ण , नरेंद्र मालू
फर्म : मोहनलाल मालू एंड कंपनी, मंदसौर, मालू एंड कंपनी ,मंदसौर, लाइफ पॉइंट ,मंदसौर



# गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल हुई

**मंदसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीडा परिसर में 26 जनवरी को प्रात: 9 बजे से जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसके लिये कई दिनों से चल रही परेड की आज सुबह 9 बजे से कॉलेज ग्राउण्ड में फाइनल रिहर्सल हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधिक्षक श्री अनुराग सुजानिया, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से इस फाइनल रिर्हसल का अवलोकन किया। सभी प्लाटून का प्रदर्शन देखा गया। कार्यक्रम का संचालन श्री जे.के. जैन ने किया। इस मौके पर अन्य जिलाधिकारी व पत्रकार मौजूद थे।

# अयोध्या : राम मंदिर परिसर में 13 और मंदिर बनेंगे, ऋषियों के साथ जटायु की भी प्रतिमा लगेगी

**अयोध्या, 24 जनवरी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गुरूदेव गिरी ने बताया कि मंदिर परिसर में 13 और मंदिरों का निर्माण किया जाएगा। इसमें से 6 मंदिर अंदर होंगे, जबकि 7 मंदिर परिसर के बाहरी हिस्से में बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। इसके बाद बाकी के मंदिरों का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्य मंदिर के पहली मंजिल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसमें राम लला की स्थापना हुई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न किया गया।



### राम-परिवार से जुड़े 5 मंदिरों का निर्माण...

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी स्वामी गुरूदेव गिरी ने बताया कि भगवान राम के मंदिर परिसर में राम परिवार के पांच मंदिरों का निर्माण किया जाएगा भगवान राम के अलावा भगवान विष्णु का भी मंदिर होगा। इसके अतिरिक्त भगवान गणेश, शिवजी, सूर्य मंदिर और माता जगदंबा के मंदिर बनाए जाएंगे। यह मंदिर पूरे परिसर के चारों कोनों पर बनाए जाएंगे। इसके अलावा भगवान राम के सबसे बड़े भक्त हनुमान जी का मंदिर भी अलग से बनाया जाएगा। इन सभी मंदिरों का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। मूर्तियों की स्थापना के बाद मदिरों को फाइनल टच दिया जाना है। माता अन्नपूर्णा मंदिर के पास ही माता सीता की रसोई यानि सीता रसोई का निर्माण होगा।

### मंदिर परिसर के बाहरी हिस्से में बनेंगे मंदिर...

अयोध्या में राम मंदिर परिसर के बाहरी हिस्से में भी कुल 7 मंदिरों का निर्माण किया जाएगा यहां भगवान राम के जीवन से जुड़ी चीजें भी स्थापित की जाएंगी। बाहरी परिसर में संत बाल्मीकि, ऋषि वशिष्ठ, विश्वामित्र, देवी सबरी और जटायु भी स्थापित किए जाएंगे। क्योंकि, इन सभी का भगवान राम के जीवन से गहरा जुड़ाव रहा है।

# आज महायज्ञ की पूर्णाहूति, स्वर्ण कलश आरोहण और भंडारा प्रसादी के साथ होगा 6 दिवसीय महोत्सव का समापन

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश आरोहण, 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ की पूर्णाहूति और श्री बालाजी की भंडारा महाप्रसादी के साथ 6 दिवसीय महोत्सव का आज 25 जनवरी गुरुवार को समापन होगा।श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय वृहद महोत्सव में दया मंदिर परिसर में आज प्रात: के सत्र में महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। यज्ञशाला में पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज भी पधारे और आपने यज्ञ के यजमानों को संबोधित करते हुए यज्ञ की महत्ता को प्रतिपादित किया आपने कहा कि आपके जन्मों जन्मों का यह पुण्य है कि महायज्ञ में आहुति देने का सौभाग्य आप सब लोगों को प्राप्त हुआ है। आपने कहा कि सनातन



परंपरा है में मंदिरों से भी पहले यज्ञ संस्कृति है। हमारे ऋषि मुनियों ने यज्ञ करके ही देवताओं को प्रसन्न किया मंदिर तो बाद में बनाए गए।

6दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत 25 जनवरी गुरुवार को अभिजीत मुहूर्त 12:15 बजे पूर्ण विधि विधान से पंडित देवेंद्र शर्मा के आचार्यत्व में पूज्य शंकराचार्य ज्ञानानंद जी महाराज सोला अहमदाबाद भागवत विद्यापीठ के विद्वान भागवत ऋषि, आचार्य श्री रामानुज, आचार्य श्री हरेश भाई जोशी शास्त्री के सानिध्य में स्वर्ण कलश आरोहण का विधान संपन्न होगा तत्पश्चात रुद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला में श्री बालाजी महाराज की भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने समस्त धर्मालुजनों से महायज्ञ की पूर्णाहुति और भंडारा प्रसादी में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

### चुंडावत अब पारलौकिक प्रक्रिया के शिक्षक भी होंगे।

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के आशीर्वाद से आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक खुमान सिंह चुण्डावत को पारलौकिक प्रक्रिया कोर्स के लिए भी शिक्षक बनाया गया है उन्हें भानु दीदी ने मैनुअल दिया। श्री चुण्डावत मध्य प्रदेश से दूसरे ऐसे टीचर हैं जिन्हें पारलौकिक प्रोसेस का मैनुअल मिला है, इस कोर्स में भाग लेने के लिए साधक का कम से कम एक एडवांस कोर्स होना और नियमित रूप से साधना करना आवश्यक है।

# अयोध्या जाने से करें परहेज, कैबिनेट मंत्रियों को पीएम मोदी की सलाह, बताई वजह

**अयोध्या, 24 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों को सलाह दी है कि वे अयोध्या राम मंदिर का दौरा करने से बचें। एएनआई के मुताबिक, सरकारी सूत्रों के हवाले से उन्होंने सुझाव दिया है कि भारी भीड़ के कारण और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण नागरिक को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या जाने की योजना बनानी चाहिए।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुधवार को पूजा करने के लिए रामपथ पर भारी भीड जमा हो गई। मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में भक्तों को श्रीराम लला के दर्शन के लिए आते देखा गया। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि लोगों से अपील गई है कि वे दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें।



**दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें-** उन्होंने कहा कि भीड लगातार बढ़ रही है, लेकिन हमारी तैयारी पूरी है। हम बुजुर्गों और दिव्यांग लोगों से अपील करते हैं कि वे दो हफ्ते बाद अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनाएं। आईजी कुमार ने कहा, 'दर्शन के लिए जल्दी करने की जरूरत नहीं है।' इससे पहले पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि राम मंदिर परिसर और उसके आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। रामलला की पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

**तीन आरती में होगी भक्तों की एंट्री?-** हर दिन सुबह 4 बजे मंगल गीतों से रामलला को जगाया जाएगा। फिर मंगला आरती की तैयारी होगी। भगवान दोपहर 12 से ढाई बजे तक विश्राम करेंगे। विश्राम का समय बढ़ाया और घटाया जा सकता है। मंगला आरती में दर्शन सीमित रहेंगे। फिलहाल भक्तों की भीड़ ज्यादा है। वीआईपी दर्शन की व्यवस्था नहीं है। इसलिए सभी लोग आरती में जा रहे हैं। आगे सिर्फ श्रृंगार, भोग और संध्या आरती में श्रद्धालु शामिल हो सकेंगे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के अध्यक्ष श्री अजीत सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के सचिव श्री हर्ष सिंह बहरावत के निर्देशन में राष्ट्रीय बालिका दिवस को प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के तत्वाधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश श्री हर्ष सिंह बहरावत ने उक्त शिविर में उपस्थित छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुये कहा कि देश की बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके उन्हें समाज में विकास के लिये समान अवसर एवं सम्मान दिलाने के लिये यह दिन प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। बालिका सशक्तिकरण हेतु सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित की जाती है, परंतु उनके बारे में अनभिज्ञता की वजह से उन योजनाओं का लाभ बालिकाओं तक नहीं पहुंच पाता है। महिलाओं के प्रति बढ़ते यौन अपराधों के प्रति सचेत करते हुये व्यक्त कि यौन उत्पीड़न एवं अपराध की स्थिति में क्या-क्या निवारात्मक कदम उठाये जा सकते है और उत्पीड़न या अपराध होने की स्थिति में क्या किया जा सकता है और कहां से सहायता प्राप्त की जा सकती है। श्री बहरावत ने सायबर अपराध यथा डीप फेक, सायबर बुलिंग आदि विषयों तथा लैंगिक अपराधों से बालाकों का संरक्षण अधिनियम एवं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान की। सचिव श्री बहरावत ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री हेल्प लाईन नंबर 15100 के बारे में बताते हुआ कहा किसी भी कानूनी सहायता एवं सलाह हेतु उक्त नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## तीन दिवसीय एमपीएल सीजन-4 का शुभारंभ कल

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी में मंडी परिवार द्वारा तीन दिवसीय मंडी प्रीमियम लीग (एमपीएल सीजन-4) क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 26 से 28 जनवरी तक आयोजित होगी। प्रतिवर्ष होने वाली मंडी प्रीमियम लीग को लेकर कृषि एवं सब्जी मंडी व्यापारियों, हम्माल, तुलावटी एवं सहित कर्मचारियों में उत्साह है। प्रतियोगिता में 10 टीमें हिस्सा लेगी। विजेता टीम को 21 हजार एवं उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

मंडी हम्माल-तुलावटी पूर्व प्रतिनिधि दिलीप ग्वाला ने बताया की मंडी प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का 26 जनवरी को सुबह 9 बजे शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता में मंडी परिवार की 10 टीमें हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद एवं चमचमाती ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। उपविजेता टीम को 11 हजार नगद एवं ट्राफी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन आफ दी सीरीज एवं प्रत्येक मैच में मैन आफ दी मैच, प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाल और बेस्ट गेंदबाज को भी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## श्री शितलामाता मंदिर कलश ध्वजारोहण के उपलक्ष्य में शिव महापुराण कथा आज से

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम बोहराखेडी में श्री शितलामाता मंदिर कलश ध्वजारोहण के पावन उपलक्ष्य में कलश व पोथी यात्रा के साथ आज 25 जनवरी गुरुवार से 31 जनवरी बुधवार तक श्री शिव पुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। पंडित विष्णुजी शर्मा रठाना वाले शिव महापुराण कथा का पाठ करेंगे। ग्राम बोहराखेडी में इस बहुप्रतीक्षित आयोजन की शुरुआत आज से होने जा रही है। कथा का आयोजन प्रतिदिन 12 बजे से सांय 4 बजे तक होगा। कथा के शुभारंभ पर कलश एवं पोथी यात्रा निकलेगी। जिसमें बडी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेंगे।

# नपा अपने कर्मचारियों के वेतन भत्ते जल्द दे

## ज्ञापन देने गये कांग्रेस पार्षदों को सीएमओ नहीं मिले तो कार्यालय के बाहर ज्ञापन चस्पा किया

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्थिक रूप से सम्पन्न माने जाने वाली नगरपालिका परिषद मंदसौर की हालत दिन पे दिन खराब होती जा रही है। आम नागरिकों से मनमाना टैक्स वसूलने के बाद भी नगरपालिका अपने कर्मचारियों को वेतन व भत्तों का भुगतान समय पर नहीं कर पा रही है। इससे ही पता चल जाता है कि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी निभाने में असक्षम है। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की चुप्पी भी प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है। बुधवार को नगरपालिका के कर्मचारियों को समय पर वेतन भत्ते मिले इसको लेकर कांग्रेस पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी के नेतृत्व में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को मिलने एवं ज्ञापन देने पहुंचा। लेकिन सीएमओ को पूर्व सूचना देकर समय लेने के उपरांत भी जब वह अपने कार्यालय पर नहीं मिले तो कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर ज्ञापन को चस्पा किया।

दिये गये ज्ञापन में कहा कि मंदसौर नगर पालिका एक बहुत धनाढ्य और संपन्न नगर पालिका की श्रेणी में आती है इसके अपने खुद के व्यक्तिगत सोर्स भी बहुत है लेकिन आज कर्मचारियों को वेतन और भत्तों के लिए परेशान होना पड़ रहा है छोटे-बड़े सभी कर्मचारी मिलाकर तकरीबन 800 कर्मचारी है जो की वेतन समय पर ना मिलने के कारण समय पर बैंक की लोन की किस्त नहीं भर पा रहे हैं बच्चों के स्कूल की फीस नहीं भर पा रहे है घर का किराया नहीं दे पा रहे हैं आर्थिक स्थिति कर्मचारियों की खराब है और वह संकट से गुजर रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होने के नाते उनका दायित्व है कि वे स्थानीय सोर्स को भी डेवलप करें और जो नगर पालिका के चुने हुए जिम्मेदार प्रतिनिधि हैं उनको भी इस संबंध में अवगत कराए क्योंकि मंदसौर नगर पालिका की इतनी आर्थिक स्थिति कभी भी दयनीय नहीं रही है। इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करें हम सभी कांग्रेस पार्षद कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव उनके साथ हैं।



इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गिरी गोस्वामी, कमलेश सोनी लाला, न्याज मोहम्मद, पाषर्द तबस्सुम, पार्षद प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, आदि उपस्थित थे।

# नेशनल मीडिया फाउंडेशन द्वारा भारतीय पत्रकारिता स्थापना दिवस 29 जनवरी को भोपाल में मनाया जाएगा

**मन्दसौर 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नेशनल मीडिया फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा भारतीय पत्रकारिता स्थापना दिवस 29 जनवरी सोमवार को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का संयुक्त आयोजन भोपाल में राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में मप्र के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में मनाया जाएगा। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मंत्रीगण सम्पत्तियां उइके, दिलीप जायसवाल, चेतन्य काश्यप, राकेश शुक्ला, माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.जी सुरेश, भोपाल नगर निगम महापौर मालती राय, दमोह के विधायक जयन्त मलैया, हुजुर के विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल उपस्थित रहेगें। समारोह की अध्यक्षता नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र जैन करेंगे तथा नेशनल मीडिया फाउंडेशन के मध्यप्रदेश के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मनीष खरे की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उक्त आशय की जानकारी नेशनल मीडिया फाउंडेशन के मंदसौर जिलाध्यक्ष नीलेश शुक्ला बालागुड़ा ने देते हुए बताया कि 29 जनवरी को भोपाल के शहीद भवन विधायक विश्राम गृह मालवीय नगर में दोपहर 2 बजे भारतीय पत्रकारिता स्थापना दिवस का मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का संयुक्त आयोजन मनाया जाएगा।


**कमल कुमार चौधरी**
बीकाम एलएलबी
हाईकोर्ट एडवोकेट

**कार्यालय:- चलि 09329690698**
**गली नं. 1 सिंधिया काम्पलेक्स पिपलियामंडी**
**निवास महावीर गंज, चौधरी फ्लोअर मील पिपलियामंडी जिला मंदसौर (मप्र)**

**// जाहिर सूचना //** 24-01-2024

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी वैभव पिता यशवत जी विजयवर्गीय निवासी महात्मागांधी मार्ग पिपलिया मंडी के पक्ष में उनके दादा जी भी सूरजमल पिता श्री छोगालाल जी विजयवर्गीय निवासी महात्मा गांधी मार्ग पिपलियामंडी के द्वारा उनकी स्वअजीत कृषि भुमिया जिनका भुमि सर्व क्रमाक 520/1 रकबा 0.90 आरी व सर्व क्रंमाक 520/2 एकबा 1.50 हैक्टेयर व सर्वे क्रमाक 521/1 रकबा 0.80 हेक्टेयर कुल तीन सर्व क्रमाक एवं कुल रकबा 3.20 हैक्टेयर भुमि जो मोजा काचरिया चन्दावत तहसील मल्हारगढ जिला मंदसौर में स्थित होकर एवं एक महात्मा गाली मार्ग वार्ड क्रमाक 04 में स्थित मकान होकर जिसकी मेरे व्यवहारी के पक्ष में दिनाक 23/11/2017 को एक वसीयत समक्ष साक्षीगण के लिखवाकर सबरजिस्टार मल्हारगढ के यहा पर पंजीकृत करवाई गई। इस प्रकार इन कृषि भुमियो एवं मकान की सुरजमल जी के द्वारा कि गई पंजीकृत वसीयत के अनुसर सूरजमल जी के स्वर्गवास दिनाक 25/02/2023 को हो गया होने से सुरजमल जी के स्वर्गवास के दिन से ही मेरा व्यवहारी इन उक्त कृषिभुमियों का स्वामी होकर उक्त कृषि भुमियों पर मेरे व्यवहारी का सुरजमल जी के समय से ही सुरजमल जी के साथ संयुक्त अधिपत्य रहा है तथा सूरजमलजी के स्वर्गवास के पश्चात से एक मात्र उक्त भुमियो एवं मकान पर मेरे व्यवहारी का एकल स्वत्य व आधिपत्य चला आ रहा है। किन्तु इन्दरमन पिता सुरजमल विजयवर्गीय निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ का तथा दिलखुश पति ललीत विजयवर्गीय निवास मनासा के द्वारा असत्य आधारों पर गलत जानकारी देकर तहसीलदार से उक्त भुमियो का वारिस बताकर असत्य नामांतरण आदेश करवाया तथा ऐसे अविधिक आदेश हो जाने से यह दोनों इन्दरसल व दिलखुश उक्त कृषि भुमियों को विक्रय करने पर आमादा है तथा बाजार में ग्राहक लगा रहे है जबकि तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी मल्हारगढ क्र.81/अपील/2023-24 में दिनाक 19/01/2024 को आदेश पारित कर तहसीलदार के आदेश को स्थिगीत किया गया है उसके बावजूद भी दोनो उक्त कृषि भूमियों को बिक्री करने पर आमादा है जबकि उक्त भुमियों के संबध में मेरे व्यवहारी ने इन्दरमल व दिलखुश व अन्य के विरुद्ध एक वाद भी न्यायालय नारायणगढ़ प्रक्र आरसीएक क्र 08/2024 प्रस्तुत कर रखा है जो विचाराधिन होकर उक्त भूमियो व मकान पर मेरा व्यवहारी का एक मात्र स्वाधिपत्य है।

अंतः हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था शासकीय या अर्द्धशासकीय उक्त दोनो इंदरमल व दिलखुश से उक्त कृषि भूमियों के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी गिरवी या बिक्री या अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार नहीं करें। अन्यथा वह मेरे व्यवहारी के स्वत्वों के मुकाबले शुन्य होकर मेरे व्यवहारी पर बंधनकारी नही रहेगा। और उसकी सभी जवाबदारी उसकी स्वयं की रहेगी सो सूचित हो।

**भवदीय वास्त व्यवहारी**
**कमल कुमार चौधरी हाईकोर्ट एडवोकेट, पिपलियामंडी तहसील मल्हारगढ़**



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 24.01.2024

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेन्द्र धनगर पिता भुवान धनगर जाति धनगर, निवासी ग्राम धनगर मोहल्ला, बालागंज, तहसील व जिला मंदसौर हाल मुकाम अलावदाखेड़ी तहसील व जिला मंदसौर द्वारा मकान जो किग्राम अलावदाखेडी के आबादी क्षेत्र जिसका ग्राम पंचायत भवन क्रमांक-218 व वार्डनंबर-6 पर दर्ज होकर में होकर प.ह.नं. 29 तहसील व जिला मंदसौर सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण कमांक एमपी249392024 ए1059954 दिनांक 15.01.2024 को श्रीमती कल्पना धनगर पति राजेन्द्र धनगर जाति धनगर, निवासी ग्राम धनगर मोहल्ला, बालागंज, तहसील व जिला मंदसौर हाल मुकाम अलावदाखेड़ी तहसील व जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है-चर्तु:सीमा- पूर्व में-चाचा का प्लाट, पश्चिम में -सनी का प्लाट, उत्तर में- रास्ता 15 फीट, दक्षिण में - मोहनलाल गुर्जर का प्लाट।

पैमाईश- पूर्व से पश्चिम 15 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 30 फीट है। कुल क्षेत्रफल - 450 वर्गफीट है।

उक्त संपत्ति पर राजेन्द्र धनगर पिता भुवान धनगर जाति धनगर, निवासी ग्राम धनगर मोहल्ला, बालागंज, तहसील व जिला मंदसौर हाल मुकाम अलावदाखेड़ी तहसील व जिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**
**डॉ. परीक्षित शर्मा**
एम.डी. (स्कीन)
शनिवार दिनांक 27 जनवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 28 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in